कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II के दो किसानो को उप महानिदेशक कृषि शिक्षा के हाथों से "फार्मर्स अवार्ड" से पुरस्कृत किया गया |

इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित इंटीग्रल किसान पुरस्कार समारोह में कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II के दो किसानो को वर्ष 2023 के "इंटीग्रल फार्मर्स अवार्ड" से पुरस्कृत किया गया । इस महत्वपूर्ण और गौरवशाली समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आर.सी. अग्रवाल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के कृषि शिक्षा के उप महानिदेशक (डीडीजी) के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में निदेशक CISH, निदेशक NBFGR, निदेशक IISR कि गरिमामय उपस्थिति रही | कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II से जुड़े सम्मानित होने वाले प्रगतिशील किसानों में श्री अमरीश सिंह, गाँव बरिया, हरदोई, फूलों की खेती के लिए एवं मोहम्मद मजीद, गाँव हंसखेड़ा, हरदोई, श्री अन्न और सब्जियों की खेती में उत्कृष्ट योगदान हेतु दिया गया | इस समारोह के दौरान, डॉ. अग्रवाल ने आग्रहित किया कि किसानों के महत्वपूर्ण योगदान को अवश्य याद करके श्रेष्ठ किसानों का सम्मान किया जाए, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है।

समारोह में कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई-II के द्वारा एक स्टाल भी लगाया गया, जिसमें अपने उत्पादों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया । सभी अतिथियों द्वारा स्टाल का भ्रमण किया गय, जिसमे अतिथियों का स्वागत करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ पंकज नौटियाल ने केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान व क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र लखनऊ के द्वारा विकसित नवीन तकनीकें व प्रजातियों के बारे में जानकारी दी | कृषि विज्ञान केंद्र की गृह विज्ञान विशेषज्ञा अंजलि साहू ने श्री अन्न से बने विभिन्न उत्पादों को बनाकर प्रदर्शित किया| स्टाल में कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डॉ त्रिलोकनाथ राय ने मृदा से सम्बंधित जानकारी किसानो को दी | स्टाल पर 250 से अधिक किसान, छात्रों एवं अतिथियों ने भ्रमण किया।